# अपील

हर साल की तरह इस साल भी राष्ट्र 07 दिसम्बर, 2025 को सशस्त्र सेनाओं के सम्मान में **'सशस्त्र सेना झण्डा दिवस'** मना रहा है।

यह अवसर मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सशस्त्र सेनाओं के शूरवीर सैनिकों को स्मरण करने का है। इस दिन हम शहीदों का सम्मान करते हैं, सशस्त्र सेनाओं के प्रति अपनी एकजुटता दर्शाते हैं, युद्ध विधवाओं, दिव्यांग व जरूरतमंद भूतपूर्व सैनिकों के प्रति अपनी संवेदनशीलता व्यक्त करते हैं, और उन्हें आश्वस्त करते हैं कि पूरा देश उनके साथ है।

**'झण्डा दिवस'** हम सब को सशस्त्र सेनाओं के सेवारत व सेवानिवृत सैनिकों तथा उनके परिवारों के कल्याण के लिए उदारता से योगदान देकर उनके प्रति अपनी एकजुटता दिखाने का अवसर प्रदान करता है। हरियाणा के लोगों ने वीर सैनिकों तथा उनके परिवारों का सदैव सम्मान किया है।

इस अवसर पर हम हरियाणा वासियों से अपील करते है कि वे युद्ध विधवाओं, दिव्यांग सैनिकों तथा जरूरतमंद भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास के पुनीत कार्य के लिए स्वेच्छा से योगदान देकर सशस्त्र सेना झण्डा दिवस–2025 को सफल बनाएं।

आप अपना योगदान **"सचिव, राज्य सैनिक बोर्ड, झण्डा दिवस निधि"**, भारतीय स्टेट बैंक, सैक्टर 12, पंचकूला के बचत खाता संख्या–**65271499108**, आई. एफ. एस. सी. कोड SBIN0050726 में डिजीटल जमा करवा सकते हैं।




(नायब सिंह)
मुख्यमंत्री, हरियाणा

(प्रो. अशीम कुमार घोष)
राज्यपाल, हरियाणा